# 178251 - कर्मचारी महिला का अपने जिलबाब के ऊपर कंपनी के लोगो वाली शर्ट पहनने का हुक्म

### प्रश्न

मैं एक कंपनी में काम करती हूँ, जो मुझसे अपने लोगो (logo) वाली शर्ट पहनने के लिए कहती है। मैं एक महिला हूँ, जो आमतौर पर जिलबाब पहनती है। क्या मेरे लिए इस कमीज को जिलबाब के ऊपर पहनना जायज़ है? बेशक मुझे पता है कि पैंट या अनुचित कपड़े पहनना जायज़ नहीं है।

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

दो शर्तों के के साथ, महिला के अपने जिलबाब के ऊपर कंपनी की शर्ट पहनने में कोई हर्ज नहीं है :

**पहली शर्त** : वह चौड़ी एवं ढीली हो और उसके शरीर के आकार को उजागर न करे, तथा वह पुरुषों की शर्ट के समान न हो। महिलाओं के कपड़े कैसे होने चाहिए, इसके विवरण के लिए प्रश्न संख्या : (6991) का उत्तर देखें।

**दूसरी शर्त** : कंपनी के लोगो (logo) में कोई भी ऐसी चीज़ नहीं होनी चाहिए, जो हराम (निषिद्ध) हो, जैसे कि सलीब (क्रॉस), या चेतन प्राणियों की छवियाँ, या कुफ्र का कोई प्रतीक।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।